देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 37 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 3 मई 2020

**रविवासरीय...**सलमान को बच्चे जैसा समझा





मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 21.0°

33717.62

2 दुनिया के सामने आए किम जोंग उन

7 गांगुली की बदौलत मिली टीम में एंट्री

# भारत–बंगाल युद्ध चाहते हैं कुछ लोग

## फिलहाल कोरोना कंट्रोल में लेकिन सावधानियां जरूरी हैं

## प्रकाश जावड़ेकर का इशारों में ममता बनर्जी पर वार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस और भारत की स्थिति पर बात करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने पश्चिम बंगाल सरकार पर हमला बोला है। इसके साथ ही जावड़ेकर ने कहा कि उनके हिसाब से कोरोना का सबसे बुरा दौर गुजर चुका है लेकिन फिर भी स्थिति पूरी तरह से कंट्रोल में नहीं आने तक सावधानियां बरतनी होंगी।

जावड़ेकर ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम तो नहीं लिया लेकिन कहा कि बंगाल में कुछ लोग भारत और बंगाल के बीच युद्ध कराना चाहते हैं। लेकिन सरकार मदद करना चाहती है।

प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि यहां(पश्चिम बंगाल) कुछ लोगों ने भारत और बंगाल के बीच युद्ध करना चुना है। हमें युद्ध में कोई रुचि नहीं है, हमें बहस में रुचि नहीं। हमें परेशानी को हल करने में रुचि है। हम हर राज्य की मदद करना चाहते हैं। दरअसल, पिछले दिनों केंद्र की एक कोरोना समीक्षा टीम जब बंगाल जाना चाहती थी तो ममता सरकार ने उन्हें एंट्री देने से रोक दिया था। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी की वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद ममता ने यह आरोप भी लगाए थे कि मीटिंग में उन्हें बोलने ही नहीं दिया गया।



### आरोग्य सेतु ऐप बिल्कुल सेफः जावड़ेकर

असदुद्दीन ओवैसी ने पिछले दिनों कहा था कि आरोग्य सेतु ऐप से सुरक्षा का खतरा है। इसपर प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि यह सब फर्जी बातें हैं। इसकी मदद से आप जान सकते हैं कि आसपास कोई कोरोना पॉजिटिव तो नहीं है। उन्होंने कहा कि यह ऐप आनेवाले 1 से 2 साल तक तो रहेगा ही।

**विपक्ष पर भी साधा निशाना**

ममता बनर्जी के अलावा प्रकाश जावड़ेकर ने समूचे विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई अजेंडा या मुद्दा ही नहीं है।

जावड़ेकर के मुताबिक, विपक्ष न कोई अच्छी सलाह दे रहा है और न ही कोई अच्छी बात कह रहा है। वह उन चीजों पर सवाल उठा रहे हैं जिनपर पहले खुद राजी हुए थे।

### कोरोना के साथ जीना होगा

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि चीन से कोरोना संक्रमण आया लेकिन अभी इसका कोई वैक्सीन नहीं मिला, जब तक वैक्सीन नहीं मिलता तब तक हमें एक तरह से कोविड–19 के साथ ही जीना होगा। मास्क लगाना, बार–बार हाथ धोना, 2 गज की दूरी रखना, ये न्यू नॉर्मल हैं। समाज ने 40 दिन में ये बहुत अच्छे से सीख लिया है।

प्रकाश जावड़ेकर ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि बुरा दौर चला गया है। लेकिन इसके पूरी तरह से खत्म नहीं होने तक सावधानियां बरतनी होंगी। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन 3 में कई छूट हैं। इनसे आधे से ज्यादा देश 4 अप्रैल से फिर से चलने लगेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दूसरे राहत पैकेज की तैयारी में सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी को लेकर किए गए लॉकडाउन से प्रभावित अर्थव्यवस्था में जान फूंकने को लेकर दूसरा स्टिम्यूलर पैकेज लाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तथा वित्त मंत्रालय के कई अधिकारियों के साथ कई बैठकें की हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह, निर्मला सीतारमण के साथ बैठक की है और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रम मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के बड़े अधिकारियों के साथ बैठक करने वाले हैं।

### भारतीयों को लाने को तैयार हैं 14 जंगी जहाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। खाड़ी देशों से भारतीयों को निकालने के लिए नौसेना ने एक व्यापक योजना बनाई है। इसके लिए 14 जहाजों को तैयार रखा गया है। नौसेना के वाइस चीफ वाइस एडमिरल जी अशोक कुमार ने कहा कि खाड़ी देशों से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए हमारे पास कई युद्धपोत तैयार हैं। इसके लिए हमने 14 युद्धपोतों को तैयार रखा है। इनमें से 4 पश्चिमी नौसेना कमान में, 4 पूर्वी कमान में और 3 दक्षिणी कमान में हैं।

### पालघर साधु हत्याकांड में एक आरोपी कोरोना पॉजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पालघर। महाराष्ट्र के पालघर जिले में कुछ दिनों पहले दो साधुओं की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक आरोपी कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। आरोपी के सैंपल 28 अप्रैल को कोरोना जांच के लिए भेजे गए थे, लेकिन उसकी रिपोर्ट निगेटिव आई थी। शनिवार को उसकी दूसरी रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। डहाणू तहसील में साधु हत्याकांड में पुलिस ने 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

# पिथौरागढ़ के दो जवान कश्मीर के उड़ी में शहीद

## सीएम त्रिवेंद्र रावत ने शहादत को किया नमन

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। कश्मीर के बारामुला के उड़ी सेक्टर में पाकिस्तानी सैनिकों की गोलीबारी में पिथौरागढ़ जिले के दो जवान शहीद हो गए। मुनस्यारी तहसील के नापड़ गांव निवासी हवलदार गोकर्ण सिंह और गंगोलीहाट के नाली गांव के निवासी नायक शंकर सिंह 21कुमाऊं रेजीमेंट में तैतान थे। शुक्रवार को उड़ी सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से हुई गोलाबारी में दुश्मनों से लोहा लेते हुए दोनों ने देश के लिए शहादत दे दी। भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के पांच सैनिक भी ढेर हो गए। दो जवानों की शहादत से पिथौरागढ़ जिले में शोक की लहर है। सोशल मीडिया के माध्यम से लोग भारत मां के दोनों जांबाजों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जवानों की शहादत को नमन किया है।

### हमें अपने जवानों का खोने का गहरा दुख

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पिथौरागढ़ 21 कुमाऊं रेजीमेंट के हवलदार गोकर्ण सिंह और नायक शंकर सिंह की शहादत को नमन किया है। उन्होंने कहा कि एक ओर हमें अपने जवानों की शहादत पर गर्व है वहीं उन्हें खोने का दुख भी है। ईश्वर उनके परिजनों को धैर्य प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शहीदों के परिजनों को हर संभव मदद की जायेगी।

**बरेली में किराए में रहता है शहीद गोकर्ण का परिवार**

पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 64 किमी दूर मुनस्यारी तहसील के ग्राम नापड़ निवासी गोकर्ण सिंह पुत्र गंगा सिंह जम्मू–कश्मीर के उड़ी सेक्टर में गोलीबारी में शहीद हो गए थे।

ग्राम प्रधान नापड़ की सूचना के अनुसार शुक्रवार देर सायं इसकी जानकारी मिली। गोकर्ण सिंह 19 कुमाऊ में जम्मू–कश्मीर के उड़ी सेक्टर में तैनात थे। शहीद जवान की दो बच्चे हैं। उनका 17 वर्ष का लड़का और 15 वर्ष की लड़की है। शहीद का परिवार वर्तमान में बरेली में किराए पर रहता है। बच्चों की पढ़ाई के लिए परिवार बरेली में रह रहा था। बताया जा रहा है शहीद का पार्थिव शरीर बरेली लाया जा सकता है, हालांकि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**शहीदों को सलाम**



नायक शंकर सिंह।



हवलदार गोकर्ण सिंह।

# संक्रमण मामलों की संख्या 37,336 तक पहुंची

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■कोरोना से मृतकों की संख्या 1,218 हुई

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या बढ़कर शनिवार को 1,218 हो गई और संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर 37,336 तक पहुंच गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में अभी इस महामारी से संक्रमित 26,167 मरीजों का इलाज चल रहा है और 9,950 लोग स्वस्थ हो गए हैं। एक मरीज देश से बाहर चला गया है। इन मामलों में कुल 111 विदेशी नागरिक शामिल हैं। इस वायरस से शुक्रवार की शाम से हुईं मौतों के मामलों में महाराष्ट्र से 26, गुजरात से 22, मध्य प्रदेश से आठ, राजस्थान से चार, दिल्ली से दो और उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और तमिलनाडु से एक–एक मामला शामिल है। इस वायरस से सबसे अधिक 485 लोगों की मौत महाराष्ट्र में हुई है। इसके बाद गुजरात में 236, मध्य प्रदेश में 145, राजस्थान में 62, दिल्ली में 61, उत्तर प्रदेश में 42 और पश्चिम बंगाल तथा आंध्र प्रदेश में 33–33 लोगों की मौत हुई है। तमिलनाडु में मृतकों की संख्या 26 है जबकि कर्नाटक में इस महामारी से 22 मरीजों की मौत हुई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में सबसे अधिक 11,506 मामले महाराष्ट्र में सामने आए हैं।

# जमात ने जानबूझकर फैलाया कोरोना

## कोरोना फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जरूर करेंगेः सीएम योगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कोरोना को लेकर तबलीगी जमात पर जोरदार हमला बोला है। एक निजी चैनल को दिए गए टीवी इंटरव्यू में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जमातियों ने बीमारी को छिपाया। ये जानबूझकर किए गए कृत्य हैं, जोकि अक्षम्य अपराध हैं। अगर इन्होंने बीमारी ना छुपाई होती तो आज कम से कम कोरोना केस होते। सीएम योगी ने यह भी कहा कि हम इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई जरूर करेंगे। योगी ने प्रदेश में कोरोना फैलाने के लिए तबलीगी जमात के लोगों को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने कहा, जमातियों ने बीमारी को छिपाया। छिपाकर आप बीमारी जगह–जगह फैलाएं, यह स्वीकार्य नहीं है। मुझे बोलते हुए कोई संकोच नहीं है कि तबलीगी के इस रवैये के कारण संक्रमण बहुत तेजी से फैला। आज हमारे पास लगभग 1600 ऐक्टिव केस हैं, इसमें 1000 से ज्यादा तबलीगी से जुड़े लोग हैं। यह स्थिति है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in